दिनांक 15.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने आज प्रातः जोन 3 के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी ने आज प्रातः से ही जोन 3 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में चल रहे सफाई अभियान, मतदान केंद्र, एवं रात्रि कालीन में की गई सफाई कार्य, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, एवं घर–घर से सूखा एवं गीला कचरा एकत्रित कर रिक्शा के माध्यम से लाने वाले रिक्शा मित्रों को कचरे पृथक–पृथक ही लाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने दिए।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग स्वयं निरीक्षण कर घर से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे अलग–अलग रिक्शा वालों के द्वारा लाया जा रहा है कि नहीं इस पर विशेष ध्यान देवें जो रिक्शा कर्मी कचरा पृथक–पृथक नहीं ला रहे हैं ऐसे कर्मियों को सेवा मे ना रखें।

जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत पुराने रद्दी रिक्शा जो अब अनुपयोगी हो गई है ऐसे रद्दी रिक्शा को कंपोस्ट पिट बनाने हेतु एवं पुराने कंपैक्टर विन जो रद्दी हो गए हैं उन्हें कंपोस्ट बिन तैयार कर अलग–अलग जगहों में रखने हेतु निर्देशित जोन आयुक्त को किया गया। श्री सुंदरानी ने वार्ड भ्रमण करते हुए नालियों की सफाई नियमित रूप से हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए तथा विभिन्न स्कूलों में जाकर मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त श्री एस0पी0 साहू, स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई0एल0 यादव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जावेद अली, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री अनिल मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी